परिणाम बजट

2007-2008

भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

नई दिल्ली

परिणाम बजट

2007-2008

भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

नई दिल्ली

विषय सूची

	पृष्ठ संख्या
कार्यकारी सार	**i-iii**
अध्याय **I** – परिचय	**1-5**
अध्याय **II** – परिव्यय और परिणाम	**7-43**
अध्याय **III** – सुधार एवं नीतिगत पहल	**45-48**
अध्याय **IV** – पूर्व निष्पादन की समीक्षा	**49-72**
अध्याय **V** – वित्तीय समीक्षा	**73-75**

कार्यकारी सार

विदेश मंत्रालय का परिणाम बजट कतिपय परिव्ययों और उपलब्धियों एवं परिणामों की मात्रा के बीच संबंध स्थापित करने और चल रहे कार्यक्रमों के निष्पादन के मूल्यांकन के लिए भी एक तंत्र उपलब्ध कराता है ।

मंत्रालय की भूमिका हमारे राष्ट्रीय हितों और अन्य देशों के साथ हमारे संबंधों का संवर्धन करने की है । मंत्रालय का बजट परंपरागत रूप से गैर-योजना प्रकार का है जिसका कुछ लघु भाग योजनागत भी है; तथापि क्षेत्रीय मसलों में विस्तारित होती हुई हमारी भूमिका को सशक्त बनाने के लिए पड़ोसी देशों में विशाल विकास परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित किया जाता है जिसे देखते हुए योजनागत घटक काफी मात्रा में बढ़ जाना अनिवार्य है । इसके साथ ही साथ हमने अन्य क्षेत्रों में भी नए बाजार विकसित किए हैं और इसके लिए यह भी आवश्यक होगा कि हम अपनी तकनीकी और आर्थिक सहायता में वृद्धि करें (अध्याय -I) ।

मंत्रालय के बजट को तीन व्यापक समूहों में रखा जा सकता है:

1. मोटे तौर पर एक-तिहाई स्थापना लागत से संबंधित है, अर्थात विदेश मंत्रालय के सचिवालय और विदेश स्थित मिशनों तथा केंद्रीय पासपोर्ट संगठन की समग्र स्थापना पर होने वाला व्यय;

2. मोटे तौर पर एक तिहाई बाध्यकारी व्यय से संबंधित है; अर्थात एस डी ई और अंतरराष्ट्रीय संगठनों को किया जाने वाला अनिवार्य अंशदान; और

3. मोटे तौर पर एक तिहाई अन्य देशों के साथ तकनीकी और आर्थिक सहयोग संबंधित है और शेष मंत्रालय के पूंजीगत परिव्यय से संबंधित है ।

यह व्यावहारिक नहीं होगा कि मंत्रालय के स्थापना लागत पर नेमी व्यय की मात्रा और समग्र उद्देश्यों को बताया जाए जैसे वेतन, कार्यालय व्यय, एस डी ई, अंतराष्ट्रीय संगठनों को अंशदान आदि, क्योंकि इन्हें मूल्यांकन के लिए लेखे में नहीं लिया गया है । परिणाम बजट का केंद्र बिंदु तकनीकी और आर्थिक सहयोग पर व्यय तथा मंत्रालय के पूंजीगत व्यय पर है । कार्यकलापों के परिणामों के एक मात्रात्मक मूल्यांकन का प्रयास किया गया है जो कि कुल बजट के आधे से भी कम की मात्रा इंगित करता है और इसमें कोंसली कार्य के लिए कंप्यूटरीकरण कार्यक्रम; अनुदान सहायता वाली संस्थाओं की गतिविधियां; तकनीकी सहायता के अधीन चलाई गई विकास परियोजनाएं; प्रशिक्षण कार्यक्रम और पूंजीगत परिसंपत्तियों की अधिप्राप्ति शामिल है । तदनुसार अगले वित्त वर्ष 2007-08 के लिए इन शीर्षों के अधीन परिवयय के सामने परिणाम दर्शाने के लिए पहली बार एक वृहत् प्रयास (अध्याय-II) किया गया है । इसके अलावा गत वर्ष 2005-06 में और चालू वित्त वर्ष 2006-07 की प्रथम तीन तिमाही में किए गए परिव्यय का निष्पादन भी (अध्याय IV) लिया गया है । तैयार

की जा रही परियोजनाओं के लिए परिणाम अभिनिर्धारित करने की इस प्रक्रिया से और उसके बाद पूर्वानुमानित परिणाम के सामने वास्तविक निष्पादन मापन से, वास्तविक निष्पादन और वित्तीय निष्पादन दोनों ही रूपों में मंत्रालय को यह आधार मिला है कि उद्देश्यों और भावी कार्यक्रमों की योजना को परिभाषित किया जाए ।

परिणाम बजट तैयार करना अतःसंबद्ध प्रक्रिया है । परिव्ययों को परिणामों में परिणत करना न केवल मात्रात्मक लक्ष्य प्राप्त करना आवश्यक होता है बल्कि परियोजनाओं की एक यथार्थ और अंतःसंबद्ध आयोजना करना, नियमों और समय सीमाओं में आबद्ध रहना और उन्हें समीक्षा एवं पारदर्शिता के लिए उपलब्ध कराना आवश्यक होता है । हालांकि वित्तीय प्रबंधन का यह एक नया साधन है, मंत्रालय ने कार्यक्रम क्रियान्वयन में डिजाइन, सुपुर्दगी, निगरानी और मूल्यांकन के लिए पहले से ही तंत्र विकसित कर लिया है ताकि इसके उपयोग को अधिक प्रभावी बनाया जा सके (अध्याय-III) ।

मंत्रालय ने परिणाम बजट का उपयोग प्रणालियों के सुधार के लिए एक उपकरण के रूप में निम्नलिखित उद्देश्यों के लिए किया हैः

1. नीति निर्माता और लाभग्राहियों के बीच संचार संपर्क का संवर्धन - मंत्रालय और लाभग्राही सरकार/एजेंसी के बीच सहायता पैकेज के उल्लेख और उसकी परिभाषा के लिए नियमित संवाद । भूटान के मामले में हमारी सहायता" विकास योजना वार्ता" के निर्देशों के अनुसार तैयार की गई है;
2. नीतिगत दस्तावेजों की विषय-वस्तु में सुधार-परियोजना तैयार करने और इस क्षेत्र में विशेषज्ञों के परामर्श से परियोजना के ब्यौरे तैयार किए जाने के दौरान मेजबान देश में विद्यमान स्थितियों की विस्तृत जांच की गई है । म्यांमा में कालादन बहुविध परिवहन परियोजना के लिए म्यांमा के प्राधिकारियों के साथ तथा परियोजना को और परिष्कृत करने तथा मानदंड तैयार करने में भारतीय विशेषज्ञों के साथ भी विस्तृत विचार-विमर्श किया गया है ;
3. क्रियान्वयन सक्षमता और वित्तीय सावधानी सुनिश्चित करना - वित्तीय मानकों को कड़ाई से लागू किया गया है, निरंतर अनुवीक्षण तथा उपाय लागू किए गए हैं जैसे परिनिर्धारित क्षति, निष्पादन गारंटी और परवर्ती शुल्क, उदाहरण के लिए टी सी आई एल द्वारा क्रियान्वित की जा रही पैन-अफ्रीका टेली मेडिसिन और टेली एजुकेशन नेटवर्क परियोजना में कार्यान्वयन की क्षमता में सुधार के लिए परिनिर्धारित क्षति, निष्पादन गारंटी और परवर्ती शुल्क संबंधी अनुच्छेद शामिल हैं ।
4. भागीदारी और निरंतरता की भावना जाग्रत करना-जहाँ संभव होता है, मंत्रालय स्थानीय प्राधिकारियों, समुदायों और स्थानीय गैर-सरकारी संगठनों के साथ मिलकर कार्य करता है और साथ ही साथ क्षमता निर्माण, प्रौद्योगिकी और सक्षमताओं

के घटकों के साथ भी अधिकतर मामलों में परियोजना के लिए भूमि की व्यवस्था मेज़बान देश द्वारा की गइ है । कई बार निर्मित स्थान भी प्रदान किया गया । एक बार परियोजना पूर्ण होने पर, उस परियोजना को रख-रखाव के लिए स्थानीय निकायों को सौंपा जाता है । नेपाल और अफगानिस्तान में हमारी लघु विकास परियोजनाओं के कार्यान्वयन में न केवल स्थानीय प्राधिकारियों और समुदायों की प्रत्यक्ष भागीदारी है, अपितु स्थानीय लोगों के क्षमता निर्माण को बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण का प्रावधान भी है; और

5. समीक्षा और मूल्यांकन की संस्कृति का संवर्धन-सभी प्रमुख परियोजनाओं में मॉनिटरिंग, समीक्षा तथा मूल्यांकन का अन्तः-निर्मित तंत्र है । वर्ष 2007-08 के दौरान वृहद-परियोजनाओं के लिए बाह्य और स्वतंत्र मूल्यांकन की व्यवस्था आरंभ करने का प्रस्ताव है । विदेशी छात्रों के प्रशिक्षण के लिए हमारा 'आइटेक' कार्यक्रम प्रशिक्षणार्थियों और संस्थान द्वारा प्रदान किया गया अन्तः-निर्मित मूल्यांकन है, जबकि भूटान परियोजनाओं के निरंतर मूल्यांकन हेतु नियमित परियोजना मॉनीटरिंग समिति है ।

इस प्रक्रिया का अत्यधिक विशिष्ट प्रभाव समग्र लक्ष्यों तथा हितों पर विशुद्ध ध्यान करना है और उन्हें प्राप्त करने के तौर-तरीकों को प्रवर्तित करना है । प्रक्रिया की सर्वाधिक महत्वपूर्ण उपलब्धि एक ऐसे युग में प्रवेश करना है जिसमें संपूर्ण उद्देश्यों और हितों पर ही विशुद्ध रूप से ध्यान केंद्रित हो और उन्हें प्राप्त करने के लिए तरीकों और साधनों का प्रवर्त्तन हो

" भारत अंतर्राष्ट्रीय विकास सहयोग अभिकरण " के नाम से एक अभिकरण स्थापित करने का प्रस्ताव है जो अन्य देशों को सहायता तथा तकनीकी सहायता देने के बेहतर प्रबंधन के लिए एक अम्ब्रेला संगठन होगा । यह महसूस किया गया है कि व्यावसायिक व्यक्तियों द्वारा प्रबंधन किया गया ऐसा संगठन भविष्य के लिए योजना, कार्यान्वयन, समन्वय और मूल्यांकन में दक्षता को बढ़ाएगा ।

अध्याय I - परिचय

कार्य

विदेश मंत्रालय को भारत के विदेश संबंधों के सभी पहलुओं की देखभाल करने का कार्य सौंपा गया है । भारत सरकार की नियमावली, 1961(कार्य का आबंटन) में दिए गए प्रावधानों के अनुसार विदेश मंत्रालय को कार्य सौंपे गए हैं । इस भूमिका का निर्वहन करने में, मंत्रालय, नई दिल्ली स्थित मुख्यालयों में और 165 मिशनों, केंद्रों तथा संपूर्ण विश्व में विशेषज्ञता प्राप्त कार्यालयों और देश के भिन्न-भिन्न भागों में स्थित प्रातिनिधिक कार्यालयों में, द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय क्रियाकलापों के जरिए राजनैतिक, आर्थिक, वाणिज्यिक, सांस्कृतिक और अन्य क्षेत्रों में हमारे राष्ट्रीय हितों और हमारे नागरिकों के हितों के अनुसार कार्य करता है ।

लक्ष्य और उद्देश्य

भारत की विदेश नीति हमारे पड़ोसी देशों के साथ घनिष्ठ संबंधों को अपेक्षाकृत अधिक सुदृढ़ बनाने, बड़ी शक्तियों और आर्थिक भागीदारों के साथ परस्पर लाभकारी संबंधों में संलग्नता, हमारे विस्तारित पड़ोस तथा अफ्रीका एवं लातिन अमरीका में स्थित देशों के साथ मजबूत संबंध विकसित करने और सामाजिक-आर्थिक विकास तथा विश्व शांति में योगदान के निमित्त नई भागीदारियों को सृजित करने को प्राथमिकता देती है ।

सार्वभौमिकरण की दिशा में रुझान ऐसी नियम बद्ध प्रणालियों,जो अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था के साथ गहन एकीकरण का संवर्धन करते हुए विकासशील विश्व की आवश्यकताओं को पहचानती हों, की स्थापना को सुसाध्य बनाते हुए हमारे राष्ट्रीय हितों को संरक्षित करने हेतु, क्षेत्रीय ओर अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत की संवर्धित भागीदारी और आतंकवाद, निरस्त्रीकरण, पर्यावरण, मानवाधिकार, व्यापार एवं अन्य चुनौतियों सहित सार्वभौम मसलों पर समरुचि देशों के साथ समन्वय का आह्वान करते हैं।

हमारी विदेश नीति में आर्थिक और तकनीकी सहयोग की भूमिका का विस्तार हो रहा है, न केवल सहायता के लिए वित्तीय परिव्यय के अनुपात में, अपितु हमारे निवेश को चिह्नित करने वाली परियोजनाओं के भौगोलिक विस्तार और विविधता में भी । भारत हालांकि पारंपरिक रूप से दानकर्ता देश नहीं है, तथापि प्रशिक्षण सुविधाएं, सरकारी विकास सहायता उपलब्ध कराता है और निकटवर्ती देशों में और अफ्रीका एवं लातिन अमरीका में सामाजिक विकास और आधारभूत संरचना परियोजनाओं में भाग लेता है, न केवल उनके विकास प्रयासों की संपूरकता के लिए ही अपितु अपने अनुभवों में वृद्धि करने के लिए भी। भारत के ज्ञान क्षेत्र की सफलता विशेषतः सूचना प्रौद्योगिकी, शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्रों में, और निर्माण के क्षेत्र में हमारा कौशल भारत की अपनी शक्ति के उत्थान और इन उभरते हुए बाजारों में संभावना के अवसर उपलब्ध कराता है ।

व्यापक हितों और प्रतिबद्धताओं के साथ एक जिम्मेदार राष्ट्र होने के नाते भारत ने मानवीय चुनौतियों का मुकाबला त्वरित गति से किया है और पीड़ितों को अनिवार्य आपदा राहत तथा पुनर्वास सहायता मुहैया कराने में अग्रणी रहा है ।

मृदु शक्ति के एक तत्व के रूप में सांस्कृतिक राजनय की भूमिका को सुदृढ बनाया गया है, न केवल हमारी प्राचीन सभ्यता को

प्रस्तुत करने हेतु, अपितु हमारे आधुनिक अनुभवों के रुचिकर घटनाक्रमों की झलक उपलब्ध कराने हेतु भी । मंत्रालय, प्रवासी भारतीयों के साथ गहन संपर्क बना कर रखता है और उन्हें विभिन्न सेवाएं मुहैया कराता है । भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद भारत तथा विदेश दोनों स्थानों पर सांस्कृतिक आदान-प्रदानों के लिए एक मंच उपलब्ध कराती है ।

मंत्रालय, पासपोर्ट कार्यालयों और विदेश स्थित मिशनों के माध्यम से भारत और विदेश दोनों ही स्थानों पर भारतीय राष्ट्रिकों को सक्षम पासपोर्ट और कौंसली सुविधाएं उपलब्ध कराता है । मिशन, विदेशी राष्ट्रिकों को भारत यात्रा के लिए वीजा सेवाएं उपलब्ध कराते हैं ।

मंत्रालय राजनयिक अधिकारियों के कौशल को निरंतर विकसित करने के प्रयास करता है । विदेश सेवा संस्थान विदेशी राजनयिकों को भी प्रशिक्षण मुहैया कराता है । विद्वान और विचारक समुदाय के साथ अधिकाधिक पारस्परिक क्रिया और सभ्य समाज के साथ संबंध बढ़ाने का लक्ष्य इस प्रक्रिया में साझेदारियों को व्यापक बनाना है और भारतीय विश्व कार्य परिषद मंत्रालय के प्रयास में महत्वपूर्ण रूप से हाथ बंटाता है । अचल संपत्तियों का अधिग्रहण और उनका प्रबंधन भी मंत्रालय की प्राथमिकता रहा है - ताकि सरकार के स्वामित्व वाली संपत्तियों का एक पूल बनाया जा सके और किराया देयताओं को कम किया जा सके ।

संगठनात्मक स्थापना

विदेश मंत्रालय के प्रमुख विदेश मंत्री हैं जिनकी सहायता विदेश राज्य मंत्री करते हैं । आधिकारिक स्तर पर विदेश सचिव मंत्रालय के कार्यकरण की देखरेख करते हैं । सभी विदेशों के साथ हमारे द्विपक्षीय और राजनैतिक संबंधों की देखभाल करने के लिए मंत्रालय में प्रादेशिक प्रभाग हैं और नीति नियोजन, आर्थिक सहयोग, व्यापार और निवेश संवर्धन, बहुपक्षी संगठन, क्षेत्रीय समूह, सांस्कृतिक क्रियाकलाप, प्रेस एवं मीडिया संबंधी कार्य, कानूनी मामले, प्रोतोकोल, मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र के कौंसली और प्रशासनिक पहलुओं की देखभाल करने के लिए विभिन्न कार्यात्मक प्रभागों को नामोद्दिष्ट किया गया है । इसके अलावा मंत्रालय का विदेश प्रशिक्षण संस्थान है और केंद्रीय पासपोर्ट संगठन तथा साथ ही भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद, भारतीय विश्व कार्य परिषद, चीनी अध्ययन संस्थान जैसी अनुदान-सहायता प्राप्त संस्थाएं हैं ।



राजदूतावास, उच्चायोग, कोंसलावास तथा संयुक्त राष्ट्र सहित बहुपक्षीय संगठनों में स्थायी मिशन, मेजबान देश में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं और राष्ट्रीय हित की संरक्षा तथा उसका संवर्धन करते हैं ।

नीतिगत रूपरेखा

भारतीय विदेश नीति के मार्गदर्शी सिद्धांत पंचशील, उपयोगिता तथा राष्ट्रीय हितों के अनुपालन पर आधारित हैं । तीव्रता से और निरंतर परिवर्तनशील अवधि में विदेश नीति को नई चुनौतियों और नए अवसरों के लिए अनुकूलतम प्रतिक्रिया में सक्षम होना चाहिए । इसे आर्थिक विकास के जरिए राष्ट्र की क्षमताओं का निर्माण, सामाजिक ताने बाने और लोगों के कल्याण का सुदृढीकरण और भारत की संप्रभुता तथा प्रादेशिक अखंडता के संरक्षण के बृहद् प्रयास का एक अविभाज्य अंग होना होगा । शेष विश्व के साथ द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और सार्वभौम भू-राजनैतिक और आर्थिक वातावरण के यथार्थ, तथ्यपरक और समसामायिक मूल्यांकन पर आधारित प्रगतिशील संबंध ही भारत की विदेश नीति है ।

मुख्य कार्यक्रम/योजनाएं

मंत्रालय के बजट को तीन व्यापक समूहों में रखा जा सकता है:

1. मोटे तौर पर एक-तिहाई स्थापना लागत से संबंधित है, अर्थात विदेश मंत्रालय के सचिवालय और विदेश स्थित मिशनों तथा केंद्रीय पासपोर्ट संगठन की समग्र स्थापना पर होने वाला व्यय;
2. मोटे तौर पर एक तिहाई बाध्यकारी व्यय से संबंधित है; अर्थात एस डी ई और अंतरराष्ट्रीय संगठनों को किया जाने वाला अनिवार्य अंशदान; और
3. मोटे तौर एक तिहाई अन्य देशों के साथ तकनीकी और आर्थिक सहयोग संबंधित है और शेष मंत्रालय के पूंजीगत परिव्यय से संबंधित है ।

2006-07 (संशोधित अनुमान) और 2007-08 (बजट अनुमान प्रस्तावित) के लिए मंत्रालय के बजट में निधियों का क्षेत्रवार आबंटन नीचे लिखे अनुसार है । जैसा कि स्पष्ट है बड़े क्षेत्रों के भागों में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है स्थापना प्रकृति के गैर-योजना मदों में किंचित वृद्धि हुई है, तकनीकी सहायता में 14% की वृद्धि हुई है, संवर्धित निर्माण गतिविधियों के कारण पूंजीगत परिव्यय में 56% की बढ़ोतरी हुई है; योजनागत आबंटन में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है क्योंकि आगामी वित्तीय वर्ष में अनेक नई परियोजनाएं शुरू हो रही हैं ।

विदेश मंत्रालय के बजट का क्षेत्रवार आबंटन

क्षेत्र	आबंटन (करोड़ रु. में)	
	सं.अ. 2006-07	ब.अ. 2007-08 (प्रस्तावित)
विदेश मंत्रालय सचिवालय	154.17	156.18
राजदूतावास एवं मिशन	951.41	990.01
पासपोर्ट और उत्प्रवासन	154.98	160.00
विशेष राजनयिक व्यय	923.01	850.01
अंतरराष्ट्रीय संगठनों को अंशदान	117.93	115.09
तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग	1457.53	1663.95
भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद को अनुदान	62.50	70.00
विदेशी सरकारों को ऋ ण एवं अग्रिम	35.20	104.60
अन्य	78.32	73.77
पूंजीगत परिव्यय	160.00	250.00
कुल बजट	4095.05	4433.60

गैर-योजना आबंटन	3872.75	3933.60
योजना आबंटन	222.30	500.00
राजस्व	3899.84	3674.38
पूंजी	195.21	759.22
कुल बजट	4095.05	4433.60

- स्थापना प्रभार
- बाध्यकारी अंशदान/व्यय
- अनुदान सहायता/सहायता/पूंजीगत परिव्यय

क्षेत्रवार आबंटन
ब.अ. 2007-08 (प्रस्तावित)



मंत्रालय के बजट का काफी बड़ा भाग पड़ोसी देशों और अन्य विकासशील देशों को तकनीकी सहायता के लिए चिह्नित किया जाता है । 2006-07 (सं.अ.) में हमारे सहायता एवं ऋण कार्यक्रमों के मुख्य लाभग्राही निम्नलिखित है । नीति में कोई बड़ा परिवर्तन नहीं है, भिन्न-भिन्न देशों का हिस्सा कायक्रमों और परियोजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति को दर्शाता है ।

पड़ोसी देशों को आर्थिक एवं तकनीकी सहायता (सं. अ. 2006-2007)



देश/क्षेत्र	आबंटन (करोड़ रुपये)	
	सं.अ.2006-07	ब.अ.2007-08 (प्रस्तावित)
बंग्लादेश	20.00	15.00
भूटान	599.51	770.91
नेपाल	188.00	138.00
श्रीलंका	28.02	28.00
मालदीव	6.00	15.00
म्यांमा	44.57	80.41
अफगानिस्तान	413.69	473.55
अन्य विकासशील देश और स्कीम	82.69	109.68
आई टी ई सी और एस सी ए ए पी	71.25	68.00
अफ्रीकी देश	16.00	50.00
मध्य एशिया	17.00	20.00
कुल सहायता बजट	1486.76	1768.55

अध्याय II – परिव्यय और परिणाम

भारत सामाजिक और आर्थिक विकास के एक असाधारण दौर का अनुभव ले रहा है । सुधारवादी उपायों और नीतिगत पहलकदमियों, जिन्हें नवीकरण, उद्यम और विश्वास की नवचेतना के तहत घोषित किया गया, की शुरुआत करने से ही यह संभव हुआ है । सार्वभौमिक मसलों पर भारत के पदचिह्न विशाल आकार ले रहे हैं क्योंकि अंतरराट्रीय मामलों में भारत के योगदान के संबंध में आशाएं बढी हैं । राजनैतिक समझबूझ का संवर्धन, आर्थिक उत्थान का सृजन और नीतिगत उत्कर्ष को बनाए रखने के अतिरिक्त चुनौतियों का सामना करने में और अवसरों से लाभ ग्रहण करने में मंत्रालय ने अपनी भूमिका बखूबी निभाई है ।

अन्य देशों के साथ और क्षेत्रीय समूहों के साथ संबंधों को संवर्धित करने के समग्र कार्य में मंत्रालय अन्य विकासशील देशों के साथ आर्थिक और तकनीकी सहयोग के संवर्धन पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, आपदा राहत और मृदु शक्ति प्रायोजना के अन्य प्रकार उपलब्ध करा रहा है । हमारी विदेश नीति का चूंकि यह अपेक्षाकृत बड़ा और सुस्पष्ट भाग है, विशेषरूप से घरेलू वृद्धि की प्रक्रिया इसे अपेक्षाकृत अधिक व्यवहार्य बना देती है और इससे हमारे उभरते हुए क्षेत्रों को नई मंडियों में उछाल उपलब्ध होता है । ऐसे क्रियाकलापों के बढ़ते हुए बजटीय आबंटनों में यह परिलक्षित भी हुआ है ।

मंत्रालय के अधिकांश परिव्यय की एक विलक्षण विशेषता यह भी है कि इसमें उल्लिखित परियोजनाओं का क्रियान्वयन विदेशों में किया जाता है । प्रायः यह भी देखने में आया है कि प्राप्तकर्ता देश की राजनैतिक और सुरक्षा संबंधी गतिविधियां हमारी प्रस्तावित परियोजनाओं की प्रगति में बाधा पहुंचाती हैं । इससे दूसरे पक्ष की संप्रभु सरकार के साथ परामर्श करना जरूरी हो जाता है ताकि परियोजना की संकल्पना, अभिकल्प, क्रियान्वयन, प्रबोधन, प्रबंधन, वित्तपोषण/सहायता की शर्तों इत्यादि पर परस्पर स्वीकार्य सहमति हो सके । तथापि परियोजना की शर्तों पर सहमति के लिए और पक्षकारों के बीच सहमति प्राप्त करने के लिए हर प्रयास किया जाता है, क्योंकि विदेशी वातावरण, जहाँ भारतीय पक्ष का प्रभावी नियंत्रण सीमित होता है, में कार्य संचालन की प्रकृति भिन्न होती है । इसीलिए समय और लागत में वृद्धि होने की संभावना रहती है । परिव्यय को परिणामों में परिणत करते समय इस दृष्टिकोण को ध्यान रखा जाना आवश्यक है ।

मंत्रालय की वृहत् परियोजनाएं भूटान और अफगानिस्तान में अवस्थित हैं और उनका वित्त पोषण "योजनागत" आबंटनों से किया जाता है । इन परियोजनाओं को सख्त व्यवहार्यता प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है, उनकी एक विस्तृत क्रियान्वयन अनुसूची होती है, इनकी एक सक्रिय प्रबोधन प्रक्रिया होती है और परिव्यय तथा परिणाम को भी स्पष्टतः तैयार करना होता है । भूटान में आधारभूत संरचना मुहैया कराने के अलावा इनसे हमें अतिरिक्त विद्युत एवं अन्य उत्पाद भी प्राप्त होते हैं । इन परियोजनाओं ने राजस्व वृद्धि की भूटान की क्षमता को बढ़ाने में सहायता प्रदान की है और इससे भारत की वित्तीय सहायता पर भूटान की निर्भरता में कमी हुई है ।

ताला जलविद्युत परियोजना पूर्ण होने वाली है और पुनात्सांगछु -I जलविद्युत परियोजना के शीघ्र ही प्रारंभ होने की आशा है । इसी प्रकार पुल-ए-खुमरी से काबुल तक डबल सर्किट ट्रांसमिशन लाइन का निर्माण हो जाने से आशा है कि काबुल शहर को उजबेकिस्तान से भरोसेमंद विद्युत की आपूर्ति होगी । इस परियोजना से भारत के लिए सद्भावना का सृजन होगा और दोनों देशों के बीच संबंध मजबूत होंगे ।

मंत्रालय अफ्रीका और म्यांमा में भी बड़ी परियोजनाएं लगाना आरंभ कर रहा है । महत्वाकांक्षी पैन-अफ्रीका टेली-मेडिसिन और टेली-शिक्षा नेटवर्क सभी अफ्रीकी नेताओं के बीच वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधाएं मुहैया कराने के अलावा सभी अफ्रीकी देशों में चिकित्सालयों और विश्वविद्यालयों को भारत स्थित उनके समकक्षों से जोड़ेगा। म्यांमा में हमने कालादान बहुविध पारगमन और परिवहन परियोजना शुरू की है ताकि हमारे पूर्वोत्तर क्षेत्र को वैकल्पिक संपर्क उपलब्ध हो सके। यह परियोजना जिसमें सित्तवे में बंदरगाह, कालादान नदी पर जल मार्गों का विकास और भारतीय सीमा पर राजमार्ग का निमार्ण शामिल है, व्यापार प्रवाह और पूर्वोत्तर के एकीकरण को सुसाध्य बनाएगी ।

मंत्रालय, पड़ोसी देशों, क्षेत्रों में तथा साथ ही अफ्रीका और लातिन अमरीका में विभिन्न प्रकार की लघुतर परियोजनाओं में भी सलंग्न है । ये परियोजनाएं न केवल स्थानीय समुदाय की ही सहायता करती हैं अपितु उनके विकास कार्यों में हमारी संलग्नता को भी स्पष्ट करती हैं । सुधार उपायों और नीतिगत पहकदमियों का लक्ष्य है उन प्रणालियों की स्थापना जो निर्णय लेने में और परियोजनओं के क्रियान्वयन और प्रबोधन के लिए क्षमता प्रदान करती हैं । कार्य संचालन को ऐसा कारगर बनाने का प्रयास रहता है जिससे कथित समय सीमा और वित्तीय शर्तों के भीतर समग्र उद्देश्यों को प्राप्त किया जा सके । हाल के समय में भौगोलिक विस्तार की दृष्टि से सुधार उपायों एवं नीतिगत पहलों में निम्नलिखित शामिल है :

- भूटान में बुनियादी ढांचे के विकास पर ध्यान केंद्रित रहता है जिसे भूटान की पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत सामाजिक और सांस्कृतिक परियोजनाओं में सीधे योगदान द्वारा संपूरित किया जाता है ।

- नेपाल में परियोजना के सभी पहलुओं में स्थानीय समुदाय के लोगों की महती संलग्नता रहती है ।

- अफगानिस्तान में बुनियादी ढांचे के निर्माण में विशाल भागीदारी है ।

- बंगलादेश में स्थानीय समुदायों के विकास के लिए नई पहल शुरू की गई है ।

- म्यांमा में हम आधारभूत संरचनागत परियोजनाओं और सामाजिक विकास का कार्य कर रहे हैं । हमने अपने पूर्वोत्तर क्षेत्र को वैकल्पिक संपर्क उपलब्ध कराने के लिए कालादान बहुविध पारगमन एवं परिवहन परियोजना भी शुरू की है ।

- दक्षिण-पूर्व एशिया में भारत के साथ सांस्कृतिक संबंधों और साथ ही साथ व्यापार और आर्थिक संबंधों का संवर्धन करने वाली विकासोन्मुख परियोजनाओं को आगे बढ़ाया गया है । सुनामी पुनर्वास के लिए भी सहायता प्रदान की गई है ।

- अफ्रीका और लातिन अमरीका में सूचना प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, तकनीकी प्रशिक्षण और लघु एवं मध्यम दर्जे के उद्यमों में हमारी क्षमताओं का उपयोग करने पर बल दिया गया है ताकि नए ढांचों के निर्माण को सुसाध्य बनाया जा सके ।

- कई क्षेत्रों में हमने राज्यों की क्षमता निर्माण और संस्थाओं की स्थापना जिसमें प्रशिक्षण भी शामिल है, करके, चुनाव कराकर, संसद की स्थापना करने में मदद करके सहायता प्रदान की है ।

2007-08 के लिए परिणामों और परिव्ययों की एक तालिका दी गई है :

क्र.सं.	स्कीम/ कार्यक्रम का नाम	उद्देश्य/परिणाम	परिव्यय 2007-08 (करोड़ रूपए)		मात्रापरक वितरण/वास्तविक निष्पादन	अनुमानित परिणाम	प्रक्रिया/ समय	टिप्पणी/ जोखिम घटक
			योजना	गैर योजना				
1.	2.	3.	4.	5.	6.	7.	8.	9.
1.	विज्ञापन और प्रचार-प्रसार	क) फीचर फिल्म प्रारम्भ करना और खरीदना, वृत्त चित्र, फोटो/प्रदर्शनियों एएनआई एपिसोड/अंशदान आदि की डबिंग/स्क्रीनिंग ख) विदेश स्थित मिशनों/केन्द्रों के पुस्तकालयों के लिए विभिन्न प्रकाशनों का मुद्रण, पुस्तकों की खरीद और उन्हें विदेशी महत्वपूर्ण व्यक्तियों को प्रस्तुत करना, विदेश स्थित मिशनों/केन्द्रों के लिए पत्रिकाओं एवं समाचार पत्रों का मुद्रण और खरीद ग) 'भारत संदर्श' पत्रिका का प्रकाशन घ) भारत और विदेश स्थित प्रेस क्लबों, थिंक-टैंक संस्थाओं और विश्वविद्यालयों के साथ पारस्परिक आदान-प्रदान के जरिए भारतीय विदेश नीति को परियोजित करना ड.) प्रमुख अन्तर्राष्ट्रीय समाचार-पत्रों में विज्ञापन, विदेश में विदेशी पत्रकारों की यात्राओं और अति महत्वपूर्ण व्यक्तियों की यात्राओं को देखना		25.00 (कुल) 8.00 8.35 (कालम 3 के (ख) से (ड.) के लिए)	• विदेश में प्रदर्शनी के लिए 40 फीचर फिल्मों और 20 वृत्त चित्रों को खरीदा जाएगा/डब किया जाएगा • भारत के बारे में बच्चों के किट की 10000 प्रतियां • भारत में और विदेशी संबंधों के बारे में हाल के घटनाक्रमों पर पुस्तकें (350 शीर्षकों की) विदेश में परिचालित की जाएंगी • 'भारत के विदेशी संबंध दस्तावेज 2007' की 500 प्रतियां • 'भारत संदर्श' की विदेशी भाषा में 65000 प्रतियां विदेश में परिचालित की जाएंगी	विदेश में भारत की छवि विशेषकर हमारे हाल के घटनाक्रमों और विदेश नीति संबंधी पहल के बारे में प्रभावी और सही छवि दर्शाना।	एक वर्ष (वार्षिक)	

क्र.सं.	स्कीम/ कार्यक्रम का नाम	उद्देश्य/परिणाम	परिव्यय 2007-08 (करोड़ रूपए)		मात्रापरक वितरण/वास्तविक निष्पादन	अनुमानित परिणाम	प्रक्रिया/ समय	टिप्पणी/ जोखिम घटक
			योजना	गैर योजना				
1.	2.	3.	4.	5.	6.	7.	8.	
2.	पासपोर्ट और उत्प्रवासन	• पासपोर्ट कार्यालयों का नेटवर्किंग • हार्डवेयर का उन्नयन • पासपोर्ट फाइलों को स्कैन करना • यात्रा दस्तावेज का मुद्रण • मशीन से पठनीय प्रिंटरों का प्रावधान • विदेश स्थित चुनिंदा मिशनों में पासपोर्ट, वीजा और कांसुली सेवाओं का कंप्यूटरीकरण • स्मार्ट गवर्नमेंट के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट (एनआईएसजी) द्वारा पासपोर्ट कार्यालयों का कार्य अध्ययन		160.0	• केन्द्रीय डाटा-बेस को अद्यतन करना (पीआईएसओएन); • लगभग **50** लाख पासपोर्ट आवेदन-पत्रों की फाइलों को स्कैन करना; • **51** लाख पासपोर्ट पुस्तिकाओं और **30** लाख वीजा स्टीकरों की खरीद • मशीन से पठनीय 33 प्रिंटरों की संस्थापना • वाशिंगटन, सैन्फ्रांसिस्को, शिकागो, ह्यूस्टन, दोहा, वानकोवर और मास्को में 7 मिशनों का कंप्यूटरीकरण • एनआईएसजी अध्ययन रिपोर्ट	• सीपीओ, पासपोर्ट कार्यालयों और मिशनों के बीच संवर्धित संपर्क • पासपोर्ट और वीजा के लिए आवेदन-पत्रों का शीघ्र निपटारा • रिकार्डों का सक्षम तरीके से रख-रखाव और कोंसली रिकार्डों की खोज • आवेदकों के लिए सेवाओं की संवर्धित क्षमता	एक वर्ष	छोटे मिशनों के उनके अपने प्रत्यायोजित शक्तियों के अंतर्गत कंप्यूटरीकरण होने से मंत्रालय सभी मिशनों में लगभग 90 प्रतिशत कंप्यूटरीकरण का लक्ष्य प्राप्त कर लेगा

क्र.सं.	स्कीम/ कार्यक्रम का नाम	उद्देश्य/परिणाम	परिव्यय 2007-08 (करोड़ रूपए)		मात्रापरक वितरण/वास्तविक निष्पादन	अनुमानित परिणाम	प्रक्रिया/ समय	टिप्पणी/ जोखिम घटक
			योजना	गैर योजना				
1.	2.	3.	4.	5.	6.	7.	8.	
3.	प्रशिक्षण (भारतीय विदेश सेवा संस्थान)	• विदेशी राजनयिकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करना • भारतीय विदेश सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करना • विदेश मंत्रालय के अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम और पुनश्चर्या पाठ्यक्रम संचालित करना • विदेश मंत्रालय से इतर अधिकारियों, राजनयिक सदृश आदि के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करना		7.35	निम्नलिखित का आयोजनः • विदेशी राजनयिकों के लिए 3 व्यावसायिक पाठ्यक्रम • भारतीय विदेश सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों के लिए वर्ष भर का प्रशिक्षण • विदेश मंत्रालय के सहायकों/लिपिकों/ अनुभाग अधिकारियों/अवर-सचिवों के लिए 10-12 पाठ्यक्रम • राजनयिक सदृश, विदेश मंत्रालय से इतर अधिकारियों आदि के लिए 3-4 पाठ्यक्रम	• भारतीय राज्य व्यवस्था, भारतीय राजनीति, भारत की विदेशी और सुरक्षा नीति, अर्थव्यवस्था आदि तथा अंतर्राष्ट्रीय राजनय के विभिन्न पहलुओं के प्रति भी विदेशी राजनयिकों को क्षमता प्रदर्शन का अवसर मिलना • भारतीय विदेश सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों के लिए सेवा में प्रवेश हेतु बृहत् प्रशिक्षण • विदेश मंत्रालय के अधिकारियों के लिए शासन, कांसुली, लेखा, वाणिज्यिक कार्य के संबंध में प्रशिक्षण। • राजनीतिक कार्यक्षेत्रों में अवर सचिवों (भारतीय विदेश सेवा-(ख) के लिए प्रशिक्षण। • राजनयिक सदृश और विदेश मंत्रालय से इतर अधिकारियों को भारतीय विदेश नीति से परिचित कराना	एक वर्ष (चल रहा कार्यक्रम)	

क्र.सं.	स्कीम/ कार्यक्रम का नाम	उद्देश्य/परिणाम	परिव्यय 2007-08 (करोड़ रूपए)		मात्रापरक वितरण/वास्तविक निष्पादन	अनुमानित परिणाम	प्रक्रिया/समय	टिप्पणी/ जोखिम घटक
			योजना	गैर योजना				
1.	2.	3.	4.	5.	6.	7.	8.	
4.	अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन/बैठक			5.10				
	सार्क शिखर सम्मेलन				अप्रैल 2007 में नई दिल्ली में सार्क शिखर सम्मेलन की सफलतापूर्वक मेजबानी	सार्क समुदाय के साथ घनिष्ठ एकीकरण	अप्रैल 2007	

क्र.सं.	स्कीम/ कार्यक्रम का नाम	उद्देश्य/परिणाम	परिव्यय 2007-08 (करोड़ रूपए)		मात्रापरक वितरण/वास्तविक निष्पादन	अनुमानित परिणाम	प्रक्रिया/ समय	टिप्पणी/जोखिम घटक
			योजना	गैर योजना				
1.	2.	3.	4.	5.	6.	7.	8.	
5.	अन्य व्यय			106.3				
	(i) भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद को सहायता अनुदान	सांस्कृतिक प्रतिनिधिमंडलों के आदान-प्रदान, अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनियों, सम्मेलनों और सेमिनारों में प्रतिभागिता, प्रकाशन, छात्रवृत्तियां प्रस्तावित करने, विदेश में भारत महोत्सव के आयोजन आदि के जरिए सांस्कृतिक राजनय ("साफ्ट पावर")		70.00	• विदेश में भारत के 9 महोत्सव • भारत में 6 सांस्कृतिक महोत्सव • विदेश में 20 प्रदर्शनियां और बाहर से आने वाली 6 प्रदर्शनियां • 14 देशों में नृत्य, संगीत, हिंदी आदि में विशेषज्ञों की प्रतिनियुक्ति • विदेशी छात्रों के लिए 1300 छात्रवृत्तियां • 25 विदेशी सांस्कृतिक प्रतिनिधिमंडलों की मेजबानी और देश से बाहर जाने वाले 90 सांस्कृतिक प्रतिनिधिमंडल • विदेश में तीन सेमीनार और भारत में चार • विदेश से भारत में 130 यात्राएं और देश से बाहर विशिष्ट व्यक्तियों का जाना • काठमांडू, ढाका, काबुल, बीजिंग और वाशिंगटन में नए सांस्कृतिक केन्द्र खोले जाएंगे • अप्रैल 2007 में सार्क से संबंधित सांस्कृतिक गतिविधियां • विदेश में भारतीय नेताओं की अर्ध प्रतिमाएं भेजने के लिए 19 प्रस्ताव • भारत में 40 सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए समर्थन • 5 नए पीठों की स्थापना • भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद के 4 नए क्षेत्रीय कार्यालय खोलना	• विदेश में भारतीय संस्कृति का संवर्धन और अन्य देशों को अपनी संस्कृति के प्रदर्शन के लिए एक मंच भी उपलब्ध कराना • सांस्कृतिक अनुसंधान संस्थाओं से सहयोग के लिए सूचना प्राप्त करना • सेमिनारों के जरिए नीति निरूपण के लिए प्रमुख व्यक्तियों को शामिल करके द्विपक्षीय वार्ताओं से सूचना प्राप्त करना	एक वर्ष	

क्र.सं.	स्कीम/ कार्यक्रम का नाम	उद्देश्य/परिणाम	परिव्यय 2007-08 (करोड़ रूपए)		मात्रापरक वितरण/वास्तविक निष्पादन	अनुमानित परिणाम	प्रक्रिया /समय	टिप्पणी/ जोखिम घटक
			योजना	गैर योजना				
1.	2.	3.	4.	5.	6.	7.	8.	
5.	अन्य व्यय (जारी)			106.3				
	(ii) विकासशील देशों के लिए अनुसंधान और सूचना प्रणाली (आरआईएस) हेतु सहायता अनुदान	आर्थिक सहयोग, पर वैश्विक मामलों के संबंध में अनुसंधान, विकासशील देशों में द्विपक्षीय वार्ता, बहुपक्षीय मंचों, सम्मेलनों और सेमिनारों, प्रकाशनों आदि में भागीदारी		1.75	• दक्षिण एशियाई विकास और सहयोग रिपोर्ट 2006 की तैयारी। • आर्थिक सहयोग पर 23 सेमिनारों/ सम्मेलनों/ कार्यशालाओं की मेजबानी	अन्तर्राष्ट्रीय आर्थिक और नीतिगत मामलों पर परामर्शी सूचनाएं प्रदान करना	एक वर्ष	
	(iii) भारतीय विश्व कार्य परिषद (आईसीडब्ल्यूए) के लिए सहायता अनुदान	भारत में सम्मेलन और सेमिनार आयोजित करना		2.40	• 60वें वार्षिक एशियाइ संबंध सम्मेलन का स्मरणोत्सव • अन्तर्राष्ट्रीय संबंधों पर 5 सेमिनारों का आयोजन • यात्रा पर आने वाले विदेशी महत्वपूर्ण व्यक्तियों द्वारा 4 व्याख्यान		एक वर्ष	
	(iv) अन्य विविध मदें	संस्थाओं को अनुदान, विभिन्न द्विपक्षीय वार्ताओं के लिए निधि • संयुक्त राष्ट्र सेवा संस्थान-संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना बल (यूएसआई)		35.98 1.38	वर्ष के दौरान सम्मेलनों/बैठकों तथा आयोजित किए जाने वाले अन्य कार्यकलापों में भागीदारी	संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना कार्यों में सहयोग	एक वर्ष (सतत् प्रयास)	

क्र.सं.	स्कीम/ कार्यक्रम का नाम	उद्देश्य/परिणाम	परिव्यय 2007-08 (करोड़ रूपए)		मात्रापरक वितरण/वास्तविक निष्पादन	अनुमानित परिणाम	प्रक्रिया/ समय	टिप्पणी/ जोखिम घटक
			योजना	गैर योजना				
1.	2.	3.	4.	5.	6.	7.	8.	
5	अन्य विविध मदें (जारी)	• भारत चीन और भारत पूर्वी एशिया के विशिष्ट व्यक्तियों का यात्रा कार्यक्रम • चीनी अध्ययन संस्थान • भारत संयुक्त राज्य अमरीका विशिष्ट व्यक्तियों का यात्रा कार्यक्रम • भारत-फ्रांस मंच • भारत यूके गोलमेज • भारत यूरोपीय संघ गोलमेज • विदेश स्थिति मिशनों के जरिए हिन्दी का प्रचार-प्रसार		0.15 0.13 0.15 0.30 0.50 0.56 6.60	वर्ष के दौरान सम्मेलनों/बैठकों तथा आयोजित किए जाने वाले अन्य कार्यकलापों में भागीदारी न्यूयार्क में 13-15 जुलाई 2007 तक 8वें विश्व हिन्दी सम्मेलन का आयोजन विदेशों में भारतीय समाज और भारतीय मिशनों/केन्द्रों के लिए हिन्दी पुस्तकों और पत्रिकाओं की खरीद 3 क्षेत्रीय हिन्दी सम्मेलनों का आयोजन • विदेश स्थित मिशनों/केन्द्रों द्वारा प्रतिवर्ष 10 जनवरी को विश्व हिन्दी दिवस मनाना • हिन्दी की संवर्धन स्कीमों के लिए 35 मिशनों/केन्द्रों के लिए अनुदान और आपूर्तियां	गैर सरकारी संगठनों में भागीदारी के जरिए द्विपक्षीय संबंधों पर बेहतर समझबूझ का संवर्धन विश्व स्तर पर हिन्दी के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देना	एक वर्ष	

क्र.सं.	स्कीम/ कार्यक्रम का नाम	उद्देश्य/परिणाम	परिव्यय 2007-08 (करोड़ रूपए)		मात्रापरक वितरण/वास्तविक निष्पादन	अनुमानित परिणाम	प्रक्रिया/समय	टिप्पणी/ जोखिम घटक
			योजना	गैर योजना				
1.	2.	3.	4.	5.	6.	7.	8.	
6	अन्य देशों के साथ तकनीकी और आर्थिक सहयोग i) बंगलादेश	• आईटी पाठ्यक्रमों में अध्यापकों को प्रशिक्षण प्रदान करना • कल्याणकारी कार्यक्रम • संस्थाओं/ऐतिहासिक भवनों आदि की मरम्मत/नवीनीकरण		15.00 1.50 0.56 12.5	• बुनियादी आईटी कौशल में 375 अध्यापकों को प्रशिक्षण • मुक्तियोद्धाओं के परिवारों को 66 छात्रवृत्तियां • 8 संस्थाओं/भवनों का निर्माण/मरम्मत/ नवीकरण *	भारत के प्रति बंगलादेश के लोगों में सदाशयता बनाना	प्रत्याशित गतिविधियां 1-4 वर्षों में पूरी होंगी	

टिप्पणी:

1. 600 बंगलादेशी राष्ट्रिकों को बुनियादी सूचना प्रौद्योगिकी कौशल में प्रशिक्षित किया जाएगा ताकि बंगलादेश में सूचना-प्रौद्योगिकी साक्षरता का प्रसार हो और नौकरियों की संभावनाओं में वृद्धि हो जिससे भारत में बंगलादेशियों के भारत में अवैध अप्रवासन पर रोक लगेगी।
2. बंगलादेश के मुक्तियोद्धाओं (स्वतंत्रता सेनानी), भारत के पक्षधर हैं, के लिए कल्याणकारी कार्यक्रमों का समर्थन जिसमें स्नातक और उच्चतर माध्यमिक स्तर की शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों के लिए छात्रवृत्तियां प्रदान किया जाना शामिल है तथा इनके समर्थन में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन एवं सांस्कृतिक कार्यकलापों का समर्थन किया जाना भी शामिल है।
3. * गाँधी आश्रम न्यास मुक्ति युद्ध संग्रहालय जैसी संस्थाओं/ऐतिहासिक भवनों की मरम्मत/नवीकरण, गोपाल गंज जिले में शैक्षिक सुविधाओं, ढाका विश्वविद्यालय सीनेट हाल के लिए सहायता, धमराई मंदिर पर नए 'रथ' का निर्माण, ओराकांडी ठाकुरवाड़ी, मानव कल्याण अनाथालय और कालीमठ देवी न्यास आदि के नवीकरण में सहायता की परिकल्पना की गई है ताकि भारत के महत्वपूर्ण पड़ोसी देश, जिसके पूर्व में और पूर्वोत्तर भारत में 5 राज्यों की साझी सीमा है, एक मुक्त/सहनशील प्रवृत्ति/राज्य व्यवस्था कायम रह सके।

क्र.सं.	स्कीम/ कार्यक्रम का नाम	उद्देश्य/परिणाम	परिव्यय 2007-08 (करोड़ रूपए)		मात्रापरक वितरण/वास्तविक निष्पादन	अनुमानित परिणाम	प्रक्रिया/समय	टिप्पणी/जोखिम घटक
			योजना	गैर योजना				
1.	2.	3.	4.	5.	6.	7.	8.	
6	अन्य देशों के साथ तकनीकी और आर्थिक सहयोग (ii) भूटान		290.91 (योजना 186.30 आग्रिम 104.60)	480.00				
		महा परियोजनाओं का निर्माण/प्रारंभ • 1020 मेगावाट ताला जल विद्युत परियोजना	141.50		परियोजना का पूर्ण प्रारंभ-भारत 1020 मेगावाट बिजली प्राप्त करेगा।	• भारत के साथ द्विपक्षीय संबंध, सामाजिक-आर्थिक विकास में सुधार होगा	जुलाई 2006 में वाणिज्यिक प्रचालन प्रारंभ होगा, 31 मार्च 2007 तक पूरी तरह से प्रारंभ हो जाएगा।	यदि छठा यूनिट उपस्कर समय पर प्रदत्त नहीं किया जाता है तो इसके पूरी तरह से प्रारंभ होने में विलंब हो सकता है।
		डुंगसुम सीमेंट संयंत्र	55.00		कार्य का पूरा होना संयंत्र तक जाने वाली सड़क से जुड़ा हुआ है।	सीमेंट की उपलब्धता, द्विपक्षीय व्यापार का संवर्धन	कार्य के प्रारंभ होने की तारीख से 27 महीने	निर्माण पूर्व गतिविधियां अर्थात सड़क निर्माण शुरू किया गया है। भूटान सरकार और एक प्राइवेट कंपनी के बीच संयुक्त उद्यम के रूप में परियोजना की रूपरेखा को औद्योगिक विकास विभाग के परामर्श से अंतिम रूप दिया जा रहा है।

क्र.सं.	स्कीम/ कार्यक्रम का नाम	उद्देश्य/परिणाम	परिव्यय 2007-08 (करोड़ रूपए)		मात्रापरक वितरण/वास्तविक निष्पादन	अनुमानित परिणाम	प्रक्रिया/समय	टिप्पणी/जोखिम घटक
			योजना	गैर योजना				
1.	2.	3.	4.	5.	6.	7.	8.	
6	अन्य देशों के साथ तकनीकी और आर्थिक सहयोग (ii) भूटान (जारी)							
		पुनातसांगचू-1 जल विद्युत परियोजना के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट	1.66		डीपीआर के लिए अनुमोदन प्राप्त किया जाएगा	1100 मेगावाट जल विद्युत परियोजना के कार्यान्वयन में मदद मिलेगी	डीपीआर की जाँच और अनुमोदन 2007 के अन्त तक प्राप्त किया जाएगा।	**वापकोस लि.** को डीपीआर तैयार करने के लिए परामर्शक के रूप में लगाया गया था
		पुनातसांगचू-1 जल विद्युत परियोजना • निर्माण-पूर्व • वास्तविक परियोजना	12.75 80.00		2 पुल और एक सड़क के लिए निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।	सस्ती और स्वच्छ विद्युत उपलब्ध होगी	परियोजना 8 वर्ष में पूरी होगी	
		विकास सब्सिडी		105	भूटान में विकास को बढ़ावा मिलेगा	भूटान के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध होंगे	वार्षिक विकास सहायता	भूटान को बजटीय सहायता
		चुखा सब्सिडी		85	पावर ट्रेडिंग कारपोरेशन द्वारा कम दर पर बिजली की आपूर्ति; मात्रा विद्युत के वास्तविक ग्रहण पर निर्भर करेगी	पश्चिम बंगाल, सिक्किम, बिहार, उड़ीसा, झारखण्ड एवं दामोदर घाटी निगम को कम दर पर विद्युत आपूर्ति	एक वर्ष	इस सब्सिडी को चरणबद्ध रूप में समाप्त करने के लिए विचार-विमर्श चल रहा है

क्र.सं.	स्कीम/ कार्यक्रम का नाम	उद्देश्य/परिणाम	परिव्यय 2007-08 (करोड़ रूपए)		मात्रापरक वितरण/वास्तविक निष्पादन	अनुमानित परिणाम	प्रक्रिया/ समय	टिप्पणी/ जोखिम घटक
			योजना	गैर योजना				
1.	2.	3.	4.	5.	6.	7.	8.	
6	अन्य देशों के साथ तकनीकी और आर्थिक सहयोग (ii) भूटान(जारी)	अन्य स्कीम						
		भूटान को सुपर किरोसिन ऑयल और एलपीजी की सब्सिडी युक्त कीमत पर आपूर्ति		30	भूटान में किरोसिन और एलपीजी के लिए मात्रा, निर्धारित कोटा के अन्दर माँग पर निर्भर करेगी	भारत-भूटान सीमा पार एसकेओ/एलपीजी की तस्करी रूकेगी और यह भूटान के साथ हमारी विकास भागीदारी का एक घटक है	एसकेओ/ एलपीजी की वार्षिक आपूर्ति	अन्तर्राष्ट्रीय साम्य कीमत में वृद्धि होने से सब्सिडी में वृद्धि करना पड़ेगा
		उत्पाद शुक्ल वापसी		65	भूटान द्वारा भारत को वर्ष 2003-04 के लिए उत्पाद शुल्क वापसी का दावा होगा	मुक्त व्यापार व्यवस्था के अन्तर्गत भारतीय निर्यात का संवर्धन और भूटान की राजस्व हानि की क्षतिपूर्ति	निरन्तर सहायता कार्यक्रम	यह वास्तविक व्यापार पर निर्भर करेगा। राजस्व विभाग द्वारा परिकलित आकड़े

क्र.सं.	स्कीम/ कार्यक्रम का नाम	उद्देश्य/परिणाम	परिव्यय 2007-08 (करोड़ रूपए)		मात्रापरक वितरण/वास्तविक निष्पादन	अनुमानित परिणाम	प्रक्रिया/समय	टिप्पणी/ जोखिम घटक
			योजना	गैर योजना				
1.	2.	3.	4.	5.	6.	7.	8.	
6	अन्य देशों के साथ तकनीकी और आर्थिक सहयोग (ii) भूटान(जारी)	परियोजना से जुड़ी सहायता		255.11	कार्यान्वित की जा रही परियोजनाओं के ब्यौरे नीचे दिए गए हैं	सहायता, भूटान के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए और भूटान के साथ हमारे विकास सहयोग के अनुरूप है	परियोजनाएं, भूटान की नौवीं पंचवर्षीय योजना (2002-08) के लिए भारत की सहायता की भाग हैं। अधिकांश परियोजनाएं जून 2008 तक पूरी होने वाली हैं	
		सांस्कृतिक संरक्षण के लिए सहायता • राष्ट्रीय पुस्तकालय के लिए प्रशासन भवन का निर्माण		0.54	अधिकांश सिविल कार्य सभी परियोजनाओं के लिए पूरे हो जाएंगे	भूटान के सांस्कृतिक संसाधनों के संरक्षण और विकास में सहायता	जून 2007	
		• आरएपीए के लिए प्रशासन भवन का निर्माण		0.10			जून 2007	
		• राष्ट्रीय संग्रहालय, पारो के लिए कार्यालय/ प्रदर्शनी हाल का निर्माण		0.57			भूटान की 10वीं पंचवर्षीय योजना (2008-2013) में आगे ले जाया जाएगा	
		• सेमथोका झांग का नवीकरण		4.89			दिसम्बर 07	

क्र.सं.	स्कीम/ कार्यक्रम का नाम	उद्देश्य/परिणाम	परिव्यय 2007-08 (करोड़ रूपए)		मात्रापरक वितरण/वास्तविक निष्पादन	अनुमानित परिणाम	प्रक्रिया/समय	टिप्पणी/ जोखिम घटक
			योजना	गैर योजना				
1.	2.	3.	4.	5.	6.	7.	8.	
6	अन्य देशों के साथ तकनीकी और आर्थिक सहयोग (ii) भूटान (जारी)	**शिक्षा का संवर्धन** -नए विद्यालयों का निर्माण		13.42	10 विद्यालय पूरे किए जाएंगे	भूटान में सुदूर क्षेत्रों में शिक्षा प्रदान करना	6 विद्यालय जुलाई 2007 तक पूरे किए जाएंगे। शेष दिसम्बर 2007 तक पूरे किए जाएंगे	
		-शेरूब्से कॉलेज का विस्तार		0.95			अगस्त 2007	
		विद्युत अवसंरचना का विकास • पुनातसांग्चू 2 (992 मेगावाट) और मांगदेचू एचपीपी (670 मेगावाट) के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट		5.95	डीपीआर की तैयारी	भूटान में पुनातसांग्चू-II एचईपी (992 मेगावाट) और मांगदेचू एचईपी (670 मोगावाट) के विकास की जाँच करना	डीपीआर का मसौदा सितम्बर 2008 तक पूरा हो जाएगा।	पुनातसांग्चू-II के लिए डीपीआर हेतु वापकोस को लगाया गया है और मांगदेचू के लिए डीपीआर हेतु एनएचपीसी को लगाया गया है
		• एकीकृत ऊर्जा मास्टर योजना			ऊर्जा मास्टर योजना की तैयारी			
		• देवथांग-रांगिया ट्रांसमिशन लाइन		15.00	60 किमी. ट्रांसमिशन लाइन	भारत की सहायता से निर्मित जल विद्युत संयंत्र से बिजली लेने के लिए ट्रांशमिशन लाइन का निर्माण	परियोजना नवम्बर 2007 तक पूरी हो जाएगी।	मई 2006 में ठेका दिया गया था

क्र.सं.	स्कीम/ कार्यक्रम का नाम	उद्देश्य/परिणाम	परिव्यय 2007-08 (करोड़ रूपए)		मात्रापरक वितरण/वास्तविक निष्पादन	अनुमानित परिणाम	प्रक्रिया/समय	टिप्पणी/जोखिम घटक
			योजना	गैर योजना				
1.	2.	3.	4.	5.	6.	7.	8.	
6	अन्य देशों के साथ तकनीकी और आर्थिक सहयोग (ii) भूटान (जारी)	• तिंतबी-ट्रांगसा-बुमथांग ट्रांशमिशन लाइन		25.00	74 किमी. ट्रांशमिशन लाइन		परियोजना मई 2008 तक पूरी होगी	मई 2006 और जुलाई 2006 में ठेके दिए गए थे।
		स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना • जेडीडब्ल्यूएनआर अस्पताल थिंपू का निर्माण • मोंगर रिजनल रेफरल अस्पताल मोंगर का निर्माण		15.00 6.70	थिंपू में 350 विस्तरों वाला अस्पताल और मोंगर में 150 विस्तरों वाला अस्पताल	भूटान के थिंपू और अन्य इलाकों में उम्दा चिकित्सीय सेवाएं प्रदान करना। स्वास्थ्य क्षेत्र के विकास में सहायता	निर्माण जून 2007 तक पूरा हो जाएगा जून 2007	
		शहरी विकास के लिए सहायता • निम्न आय वाले भवन का निर्माण • हा टाउन में शहरी विकास		4.52 1.50	300 से अधिक मकान बनाए जाएंगे भारतीय विशेषज्ञ योजनाओं को अंतिम रूप देंगे	भूटान में शहरी विकास में सहायता	निर्माण जून 2008 तक पूरा हो जाएगा भूटान की 10वीं पंचवर्षीय योजना (2008-2013) में ले जाया जाएगा।	

क्र. सं.	स्कीम/ कार्यक्रम का नाम	उद्देश्य/परिणाम	परिव्यय 2007-08 (करोड़ रूपए)		मात्रापरक वितरण/वास्तविक निष्पादन	अनुमानित परिणाम	प्रक्रिया/समय	टिप्पणी/जोखिम घटक
			योजना	गैर योजना				
1.	2.	3.	4.	5.	6.	7.	8.	9.
6	अन्य देशों के साथ तकनीकी और आर्थिक सहयोग (ii) भूटान (जारी)							
		पुलों और सड़कों का विकास						
		• जिलपोसिंग-न्गानग्लम रोड		10.00	25 किमी. सड़क और तीन पुल	भूटान के अवसंरचना और सड़क नेटवर्क के विकास में सहायता करना	परियोजना अप्रैल 2008 तक पूरी होगी	
